Helpline 1064
94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ प्रतापगढ़ एसीबी की बड़ी कार्रवाई लोकर ने उगला सोना।

जयपुर, 16 अक्टूम्बर, 2025, गुरुवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, प्रतापगढ़ द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित महत्वपूर्ण प्रकरण में बड़ी सफलता प्राप्त की गई है।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में महाप्रबंधक एवं संयुक्त आयुक्त पद पर तैनात **राजीव गर्ग** को गत वर्ष भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रतापगढ़ टीम द्वारा **3 लाख रुपये** की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। प्रकरण में आय से अधिक संपत्ति की जाँच के अंतर्गत आज बजाज नगर स्थित इंडियन बैंक शाखा में आरोपी का लॉकर खोला गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि जांच के दौरान आज लॉकर से 555.35 ग्राम सोना (बिस्किट एवं सिक्के) बरामद हुआ, जिसका बाजार मूल्य 2,33,240/– रूपये आंका गया है। साथ ही बजाज नगर स्थित कोठी से संबंधित महत्त्वपूर्ण कागजात भी मिले हैं।

जाँच के दौरान पाया गया कि आरोपी लॉकर खुलवाने में टालमटोल कर रहा था। आज एसीबी द्वारा लॉकर को खोलने की कार्रवाई की गई, जिसके पश्चात यह बरामदगी संभव हो सकी।

अब तक की जाँच में आरोपी अधिकारी के विभिन्न बैंक खातों में 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि तथा अलग–अलग एफडी में 1 करोड़ 20 लाख रुपये से अधिक की राशि सामने आई है।

यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो **प्रतापगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह** परमार के नेतृत्व में की गई।

राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपने सतत अभियान में दृढ़ है और भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्यवाही जारी रखेगी।